सुविवि में बनेगा हॉकी का एस्ट्रो टर्फ मैदान

पत्रिका
ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

उदयपुर. सुखाडिया विश्वविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी का एस्ट्रो टर्फ खेल मैदान बनाया जाएगा। निर्माण के लिए कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के साथ तकनीकी कमेटी ने निरीक्षण किया। ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी अशोक कुमार ध्यानचंद की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यों की कमेटी द्वारा एस्ट्रो टर्फ के निर्माण के लिए योजना बनाई गई। क्रीड़ा मण्डल के सचिव डॉ. गिरिराज सिंह चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा हॉकी एस्ट्रो टर्फ की विस्तृत कार्य परियोजना के लिए ओलम्पियन ध्यानचंद के अलावा इसमें हॉकी राजस्थान के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह निम्बाडा, जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन, स्पोर्ट्स एण्ड टेक्निकल एडवाइजर विक्रम सिंह तथा हॉकी उदयपुर के सचिव डॉ. कुलदीप सिंह झाला द्वारा हॉकी एस्ट्रो टर्फ को लेकर महाराणा भूपाल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में जमीन चिन्हित की।